## महत्वपूर्ण एवं खास

### ओटीपी नम्बर पूछकर बुजुर्ग के खाते से कर दिया हजारों पार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वयं को बैंक कर्मी बताकर एटीएम कार्ड नवीनीकरण करने की बात कह ओटीपी नंम्बर पूछ खाते से निकाल लिया हजारों रूपये। घटना की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू शांति नगर सिविल लाईन निवासी सुरेन्द्र मोहन कुमार 76 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 जनवरी को प्रार्थी के मोबाइल फोन पर मोबाईल क्रमांक 916291729470 के धारक ने स्वयं को यूकों बैंक से होना कहकर एटीएम कार्ड का नवीनीकरण करने के लिए ओटीपी नम्बर की जानकारी मांगा, जानकारी देते ही खाते से 46 हजार 4 सौ रूपये खाते से निकाल लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाइल फोन धारक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### डीआरजी के जवान ने जहर खाकर की आत्महत्या की कोशिश, अस्पताल में भर्ती

**सुकमा (आरएनएस)।** बीति रात चिंतागुफा कैम्प में डीआरजी के जवान ने जहर खा लिया। जिसके बाद आनन फानन में जवान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जवान का नाम चिचोड़ हिड़मा बताया जा रहा है। जो चिंतागुफा कैम्प में पदस्थ था। यह मामला चिंतागुफा थाना क्षेत्र का है। पुलिस कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

### पत्नी का प्रेमी ही निकला पति का हत्यारा

**बेमेतरा (आरएनएस)।** शिवनाथ नदी किनारे मिले अज्ञात लाश की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा ली है । जहां युवक की हत्या कर लाश नदी किनारे फेंक दिया गया था। दरअसल पूरा मामला नांदघाट थाना क्षेत्र के अमलडीहा गांव का है। जहां पर शिवनाथ नदी के किनारे एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान गजेंद्र सोनवानी पिता कार्तिक राम सोनवानी उम्र 33 वर्ष निवासी बोरसी थाना भाटापारा के रूप में की । पुलिस ने जांच के बाद हत्या के आरोपी मृतक गजेंद्र की पत्नी के प्रेमी मंतराम एवं दिलेश्वर को गिरफ्तार कर लिया है।

### बस व ट्रक आपस में भिड़े, एक की मौत आठ घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** बलौदा बाजार में आज सुबह तेज रफ्तार बस और ट्रक की भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई वही 8 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही एक महिला यात्री की मौत हो गई आपको बता दें कि बलौदाबाजार रायपुर मार्ग के बीच यह घटना हुई महामाया ट्रैवल्स की बस में 40 यात्री सवार थे 8 यात्रियों को छोड़कर बाकी सब यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।

### अस्पताल का गिरा छज्जा, दो महिलाएं आई चपेट में, अस्पताल दाखिल

» विधायक गुलाब कमरों ने लिया जायजा

**कोरिया (आरएनएस)।** केंद्रीय चिकित्सालय के महिला वार्ड में छज्जा गिरने से दो महिला मरीज घायल हो गईं। जिनका उपचार किया जा रहा है। घटना मनेन्द्रगढ़ आमखेरवा केंद्रीय अस्पताल में हुई। जहां हादसा हुआ वहां तीन महिला मरीज भर्ती थीं। छज्जा अस्पताल के बैड में गिरा था। अस्पताल में लगभग बीस महिला मरीज भर्ती है। मामले में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही खुलकर सामने आ गई है। घटना की जानकारी लगते ही मनेन्द्रगढ़ के सेंट्रल हास्पिटल में महिला वार्ड में निर्माणाधीन छज्जा गिरने से घायल महिला मरीजो से मिलने विधायक गुलाब कमरो पहुँचे। मौके पर पहुँचकर उन्होंने स्थिति का जायजा लिया।

### तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर, 12 जनवरी (आरएनएस)। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन दुकान के सामने रखे सामान को ठोकते हुए अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लाखेनगर निवासी राहुल शर्मा 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी के गुरूदेव ऑटो पार्टस दुकान के सामने रखे सामान को बोलेरो वाहन क्रमांक जेएच-01 सीवाय-2600 ने टक्कर मार दिया।

# छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग जगत में नहीं, नक्सलियों की भर्ती में आयी मंदी : भूपेश बघेल

» हम नक्सली क्षेत्रों में लोगों को हल पकड़ा रहे हैं » रोजगार से जोड़ रहे हैं, नहीं तो वे बंदूक पकड़ेंगे



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार की पिछल एक वर्ष की योजनाओं से छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग जगत में नया उछाल आया है। छत्तीसगढ़ मंदी के प्रभाव से अछूता रहा है। छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग जगत में नहीं, बल्कि नक्सलियों की भर्ती में मंदी आयी है। उन्हें भर्ती के लिए लोग नही मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति का विकास है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाओं के साथ सुरक्षा देने का काम राज्य सरकार कर रही है। हम लोगों को रोजगार से जोड़ रहे हैं। उन्हें हल पकड़ा रहे हैं, नही तो वे बंदूक पकड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने इस आशय के विचार आज यहां एक निजी होटल में एनडीटीव्ही द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'देश का नया विश्वास छत्तीसगढ़' में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद किसानों के कर्ज माफकिए गए, 2500 रूपए प्रति क्विंटल पर धान की खरीदी की गई, तेंदूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक बढ़ाकर चार हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया गया। 15 लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ की गई। लोगों को छोटे-छोटे रोजगारों से जोड़ने का काम किया गया। बिजली बिल हाफ किया गया, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में 200 स्कूल प्रारंभ किए गए, दूरस्थ अंचलों में स्थित हाट बाजारों में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य क्लिनिक योजना प्रारंभ की गई, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में सुपोषण अभियान प्रारंभ किया गया। वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में देश के आंकांक्षी जिलों में छत्तीसगढ़ का नारायणपुर जिला प्रथम स्थान पर है। नीति आयोग द्वारा माह नवंबर 2019 के लिए जारी डेल्टा रेंकिंग में नारायणपुर सहित छत्तीसगढ़ के तीन जिले टाप पांच जिलों में शामिल हैं।

## युवा महोत्सव राज्यपाल अनुसुईया व भूपेश ने रस्साकशी में की जोर आजमाईश





**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर आज राजधानी रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान में तीन दिवसीय युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। युवा महोत्सव के शुभारंभ के बाद राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की टीम ने रस्साकशी प्रतियोगिता में जोर आजमाईश की इस जोर आजमाईश में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ के परम्परागत खेलों में युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया है। रस्साकसी के अलावा गोंटा, भौंरा, फुगड़ी, गेंड़ी, दौड़ सहित अन्य पारंपरिक खेलों में भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शामिल होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बांटी और पिट्ठुल खेला। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल गेड़ी चढ़े।

## राज्य में हो रहे ऐतिहासिक कार्यक्रम : राज्यपाल

» राज्य युवा महोत्सव में राज्यपाल ने की शासन की तारीफ

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में आज से तीन दिवस युवा उत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही राज्यपाल अनसुईया उइके और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में राज्यपाल अनसुइया उईके ने कहा कि राज्य युवा महोत्सव में शामिल होकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने इसे राज्य शासन की अनोखी पहल बताते हुए कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि पिछले नवंबर माह से ही प्रदेश में विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले राज्योत्सव इसके बाद आदिवासी उत्सव और अब युवा महोत्सव। प्रदेश में यह अच्छे कार्यक्रम हो रहे हैं और ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके लिए वे पुनः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई देती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीख करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य चहुंमुखी विकास करेगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री अनिला भेड़िया, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन मंडावी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, और ओलंपिक विजेजा विजेन्दर सिंह सहित प्रदेश भर से आए सात हजार युवा और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### आरक्षक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में पदस्थ एक सहायक आरक्षक के द्वारा जहर सेवन कर खुदकुशी करने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी होने पर जवान को आनन-फानन में सुकमा जिला आस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार चिंतागुफा निवासी आरक्षक चिचोड़ हिड़मा ने शनिवार देर रात जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। इसके बाद चिचोड़ हिड़मा को गंभीर हालत में दोरनापाल अस्पताल लाया गया, जिसे सुकमा जिला अस्पताल रेफर ?कर दिया गया, जिसके बाद आरक्षक चिचोड़ को देर रात लगभग 03 बजे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया।

## खेल विकास गठन से युवाओं की प्रतिभा आएगी सामने : विजेन्दर सिंह



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, खेल प्रतिभाओं में छत्तीसगढ़ अग्रणी हैं। राज्य की सरकार ने खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया है, इससे निश्चित ही युवाओं की प्रतिभा सामने आएगी।

उक्त बातें ओलंपिक पदक विजेता और प्रसिद्ध मुक्केबाज विजेन्दर सिंह ने राज्य युवा महोत्सव में कही। तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आज आगाज हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में विभिन्न जिलों से पहुंचे युवा प्रतिभागियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। प्रदेश के 27 जिलों से 6521 प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल होने राजाानी पहुंचे हैं। इस आयोजन के दौरान 39 विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ी खेलकूद, गायन-नृत्य आदि का कार्यक्रम भी शामिल है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल अनुसुईया उईके और मुख्यमंत्री के उद्बोधन से हुआ। इस दौरान मंत्रिमंडल के सदस्य और विधायक सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### बस-ट्रक की भिड़ंत में बस चालक की हुई मौत

**कोंडागांव (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर आज अलसुबह पांच बजे ट्रक और बस के बीच आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हुई। इस हादसे में कांकेर रोडवेज यात्री बस के चालक की मौत हो गई, वहीं बस में सवार पांच यात्री घायल हो गये हैं। हादसे का कारण धुंध की वजह से रास्ता साफ दिखाई नहीं देना बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि मौसम में हुए बदलाव के बाद रात ढलने के साथ कोहरे का साम्राज्य स्थापित हो जाता है। कोहरे के कारण प्रायः यह देखा गया है कि आमने सामने की दुर्घटना घटित होती है।

### नंबर हैक कर सहायता के लिए भेजा संदेश, ठग लिए 80 हजार

**कोरबा (आरएनएस)।** कुसमुंडा निवासी अनिल सिंह नामक व्यक्ति का फेसबुक अकाउंट हैक कर उनके सभी मित्रों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मैसेज किया कि काफी मुसीबत में है और सहायता प्रदान करने हेतु राशि भेजें। इस पर उनके परिचित व मित्रों ने 80 हजार रुपये भेज दिए। बाद में जब अनिल को जानकारी मिलीए तब उन्होंने सभी लोगों को जानकारी दी। मामले की लिखित में सूचना मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मामला कुसमुंडा क्षेत्र में घटित हुआ। यहां निवासरत अनिल सिंह के नंबर को हैक करते हुए किसी ठग ने उसके कई परिचितों को 80 हजार की चपत लगा दी। बताया जा रहा है कि अनिल का फेसबुक अकाउंट ठग ने हैक कर उससे जुड़े अनेक मित्रों को मैसेंजर पर संदेश भेजा कि वह मुसीबत में है और उसे सहायता चाहिए। इस पर अनिल के परिचित व मित्रों ने विश्वास कर लिया और राशि भेजना शुरू कर दिया। नेट बैंकिंग के जरिए राशि भेज दी। जब तक यह माजरा स्पष्ट होता, तब तक ठग 80 हजार से ज्यादा का चूना लगा चुका था। कुसमुंडा के अमरीक सिंह रिंकू को भी इस सिलसिले में 30 हजार की चपत लगी है। अनिल सिंह जिनके नाम से यह सब हुआ। उनका नंबर पहले ही हैक हो चुका था, इसलिए उस पर कॉल किया जाना संभव नहीं हुआ।



## सड़क हादसे का शिकार हुआ अधेड़,रातभर ठंड में पड़ा रहा ,मौत

**जशपुर (आरएनएस)। नारायणपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल युवक का ठण्ड से ठिठुरने के कारण मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।**




ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजने की तैयारी में है,पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। नारायणपुर के अघोरेश्वर आश्रम के पास सड़क किनारे एक मोटर सायकल चालक का शव रविवार की सुबह बरामद हुवा है। बताया जा रहा है कि देर रात्रि युवक अपने मोटर सायकल से नारायणपुर से घर की ओर चराइमारा की तरफजा रहा था। इस दौरान युवक का मोटरसाइकल अनियंत्रित हो गया और सर में चोट लगने के कारण युवक बेहोश हो गया। रात्रि ज्यादा होने के कारण उक्त मार्ग पर आवागमन नहीं हो सकने से घायल युवक रात भर सड़क किनारे गड्ढे में ही रात भर पड़ा रहा। कड़ाके की पड़ रही ठण्ड में ठिठुर जाने व समय पर उपचार नहीं होने के कारण युवक की मौत हो गयी। ग्रामीणों द्वारा सुबह युवक का शव देखा गया जिसका सुचना पुलिस को ग्रामीणों ने दिया।सुचना पाकर नारायणपुर थानाप्रभारी ललित सिंह नेगी मौके पर पहुंचे और युवक की पहचान शंकर राम यादव उम्र 57 वर्ष कर मामले की विवेचना में जुट गई है,साथ ही परिजनों को सूचित भी कर दिया गया है।

### ट्रेन से कटकर छात्र की मौत



**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम छिर्रा निवासी एक छात्र का शव भिलाई-दुर्ग में रेलवे ट्रैक में दो हिस्सों में कटा हुआ मिला। छात्र वहां निजी कॉलेज में अध्ययनरत था। पुलिस ने मामला कायम कर शव पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। मृतक छात्र कान में हैडफोन लगा हुआ था, पर मौके से मोबाइल गायब था। इससे हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मूलतः छिर्रा निवासी मनोहर सिंह जात्रा मंत्रालय रायपुर में स्टेनों के पद पर कार्यरत हैं। उनका पुत्र विकास कुमार जात्रा भिलाई-दुर्ग के एक निजी कॉलेज में अध्ययनरत है। बताया जा रहा है कि आठ जनवरी को वह घर से निकला था, लेकिन पूरी रात वापस नहीं लौटा। परिजनों ने भी अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन विकास का कोई सुराग नहीं मिला। दूसरे दिन विकास का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि विकास की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। कोई इसे आत्महत्या करार दे रहा है तो कुछ लोग हत्या का संदेह व्यक्त कर रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**



**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

» स्वाभिमान, अस्मिता और नई ऊर्जा से प्रारंभ हुआ आगे बढ़ने का नया दौर

# छत्तीसगढ़ देश के नए विश्वास के रूप में उभरा : भूपेश बघेल

» मुख्यमंत्री रेडियोवार्ता लोकवाणी की 6वीं कड़ी में आम जनता से हुए रूबरू

» राज्य सरकार के एक वर्ष के कामकाज का दिया ब्यौरा



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की छठवीं कड़ी में छत्तीसगढ़वासियों को नववर्ष 2020 की बधाई देते हुए कहा कि आपकी शुभकामनाएं और सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा तो निश्चित तौर पर आगामी वर्षों में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि हमने अपनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को सेवा और जतन का एक साल कहा है। इन चार शब्दों में बहुत सारी बातें समा जाती है। आज पहले साल के पड़ाव का मुझे यह कहते हुए संतोष है कि हम प्रदेश के ग्रामीणों, किसानों और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य कमजोर तबको को राज्य के विकास के साथ जोड़ने में सफल हुए है। शिक्षा से रोजगार तक, युवाओं को सर्वांगीण विकास के अवसर देने से लेकर सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने तक हर उपाय हमने किया है। राज्य सरकार के चैतरफा प्रयासों के कारण विश्वव्यापी मंदी का असर छत्तीसगढ़ के जनजीवन को तनिक भी नहीं छू पाया, बल्कि इस दौर में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हुए।

युवा उत्सव में छत्तीसगढ़ की तरूणाई और युवाओं की प्रतिभाओं का होगा अद्भुत प्रदर्शन :

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के सुखद संयोग का भी उल्लेख करते हुए प्रदेश के युवा शक्ति और प्रदेश की तरूणाई का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को हम युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। बीते एक साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में हमारे नेतृत्व में युवाओं का वर्चस्व बढ़ा है। स्वामी विवेकानंद बहुत उदार, बहुत व्यवहारिकए बहुत सुधारवादी थे। वे युवाओं को प्रचलित रूढ़िवादिताओं से दूर रखकर अपने गुणों का विकास करते देखना चाहते थे, ताकि वो अपने समाज से समरस हो सके, अपने सामाजिक सरोकारों की प्रति जागरूक हो सके। उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए।